# 11 अप्रैल को होंगी तीन बहुजन महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित

▸ समस्त संगठनों की महाबैठक में हुआ निर्णय



**महिदपुर।** महिदपुर जिला उज्जैन में बिरसा अंबेडकर फूले समाज कल्याण समिति द्वारा समस्त अनुसूचित जाति जनजाति एवं पिछड़े वर्गों के संगठनों के साथ समाज के वरिष्ठ बलराम दावरे के मार्गदर्शन और समित के अध्यक्ष दिनेश चैहान की अध्यक्षता में एक बैठक डॉ. बीआर अंबेडकर मांगलिक भवन पर 29 दिसंबर को हुई। बैठक निर्णय अनुसार 11 अप्रैल 2026 महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती पर भगवान बिरसा मुंडा संविधान निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर एवं क्रांति ज्योति महात्मा ज्योतिबा फुले तीनों की प्रतिमाएं स्थापित होंगी। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य महिदपुर विधायक दिनेश जैन बोस द्वारा पूर्व में की गई घोषणा जिसमे उनके द्वारा भवन में अति आवश्यक कार्य एवं प्रतिमा स्थापित करने के लिए 10 लाख रूपए की घोषणा के अनुरुप नारायणा रोड स्थित डॉक्टर बीआर अम्बेडकर मांगलिक भवन के शेष बचे हुए कार्य को पूर्ण करवाकर भवन परिसर में महापुरुष की प्रतिमाओं के अनावरण की रुपरेखा बनाना था। बैठक में प्रत्येक प्रस्ताव को जेके मालवीय ने रखा। जिस पर उपस्थित सभी संगठनों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। बैठक में मोहन लाल बेगड़े, कैलाश बगाना, नागूलाल मालवीय, विक्रमसिंह सोलंकी, बाबूलाल मालवीय, अनिल दावरे ,बाबूलाल मालवीय, सुरेश दामेचा, सलोनी परमार आदि उपस्थित थे। जानकारी समिति के सचिव सुरेश दामेचा द्वारा दी गई।


# वसुधैव कुटुम्बकम की भावना से सजा अंतरराष्ट्रीय युवा छात्र सम्मलेन

**उज्जैन।** अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में वसुधैव कुटुम्बकम की पावन अवधारणा को साकार करता अंतरराष्ट्रीय युवा छात्र सम्मलेन अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पारंपरिक तिलक स्वागत एवं बैंड की धुन के मधुर स्वरों के साथ किया गया। जिसने वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम संयोजक राहुल पंडया ने बताया की इस कार्यक्रम में ब्राजील, इटली, लिथ्वानिया व देश के सिक्किम, प्रयागराज, बनारस से युवा विद्यार्थियों शामिल हुए। कार्यक्रम में विद्यालय के चेयरमैन आनंद पंड्या, डायरेक्टर राहुल पंड्या, अकादमिक डायरेक्टर सरोज वागले, वाइस प्रिंसिपल पल्लवी दिवाकर एवं समन्वयकों द्वारा सभी अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अतिथियों का मोती माला एवं दुपट्टा भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया।

विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पधारो म्हारे देश और ओ रे सखी नृत्य ने भारतीय लोक-संस्कृति की जीवंत झलक दिखाई, वहीं विद्यार्थियों द्वारा गाया गया भावपूर्ण गीत कालिदास की उज्जयिनी को बारंबार प्रणाम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इसके पश्चात आयोजित प्रश्नोत्तरी सत्र में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों से उनके देशों, संस्कृति, शिक्षा प्रणाली और व्यक्तिगत अनुभवों से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे । अंतरराष्ट्रीय युवाओं ने भी खुले मन से अपने अनुभव साझा किए, जिससे आपसी समझ, जिज्ञासा और वैश्विक दृष्टिकोण को नई दिशा मिली।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी अतिथियों को श्रीमद् भगवद् गीता भेंट स्वरूप प्रदान की गई। हेड गर्ल ईशा लड्ढा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया, जबकि हेड बॉय आरुष त्रिवेदी ने प्रभावशाली शब्दों में धन्यवाद ज्ञापन किया। चेयरमैन आनंद पंड्या ने भी अतिथियों को संबोधित करते हुए ऐसे आयोजनों को वैश्विक भाईचारे की



मजबूत कड़ी बताया। इस कार्यक्रम में कैबिनेट सेक्रेटरी लायन सुशील पोरवाल, गोल्ड क्लब चार्टर प्रेसिडेंट लायन संजय सक्सेना, यूथ कोऑर्डिनेटर एक्सचेंज प्रोग्राम लायन शालिनी भार्गव, गोल्ड क्लब प्रेसिडेंट लायन शैलेश सोनी एवं अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी ब्राजील से लिओ मेक्रो, इटली से लिओ कैमिला, लिओ वेलिन्तिना व लिओ लूडो, लिथ्वानिया से लिओ वेजास तथा राष्ट्रीय विद्यार्थी कलिम्पोंग से लिओ सुहैल अहमद, वाराणसी से लिओ हर्षित गुप्ता व लिओ उदित ठाकुर, प्रयागराज से लिओ सौम्या पटेल राजगढ़ से अभय शर्मा उपस्थित थे।


कुशल संचालन विद्यार्थियों आस्था निगम, तनाया गोखले, अथर्व गुप्ता तथा शिक्षिकाओं प्रकृति शर्मा और जाह्नवी तेलंग द्वारा किया गया । यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान का मंच बना, बल्कि सारी दुनिया एक परिवार के संदेश को सशक्त रूप से स्थापित कर गया। यह जानकारी राखी मेहता द्वारा दी गई।

## एक नजर में

### इंजीनियरिंग कॉलेज के 100 से अधिक पूर्व छात्रों ने मनाया एलुमनी दिवस

**उज्जैन।** इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों की संस्था एलुमनी एसोसिएशन की सप्तम वर्षगांठ पर पूर्व छात्रों ने महाविद्यालय में एकत्रित होकर एलुमनी दिवस (गेसुयाईट-डे) मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज की प्रथम बैच 1966 से लेकर 2025 तक उपाधि प्राप्त 100 से अधिक पूर्व छात्र उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणा वादिनी मां सरस्वती देवी की मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर वंदना से किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व प्रोफेसर डॉ व्ही एस ओबेजा, डॉ एन के श्रीवास्तव, एवं श्री डी एस विश्नोई का अभिनंदन एवं सम्मान शाल-श्रीफल भेंट कर किया गया। पूर्व प्रोफेसरों ने पूर्व छात्रों को आशीर्वचन देते हुए उदबोधन दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. उमेश पेंढारकर तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। वर्ष 2025 की प्रावीण्य सूची में प्रथम रहे सभी संकायों के विद्यार्थियों खुशबू भोयार, शिवाली पटेल, प्रियांशी वर्मा, सृष्टि चौबे, विनय द्विवेदी, महेश पाटीदार, को स्वर्ण पदक एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया । स्वागत भाषण शोभा खन्ना द्वारा किया गया। अध्यक्ष कोमल भूतड़ा द्वारा अपने उद्बोधन में सभी पूर्व छात्रों से जरूरत मंद छात्र छात्राओं, एसोसिएशन के गेस्ट हाउस तथा वर्ष 2026 में कॉलेज के स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती मनाने हेतु आगे बढ़कर सहयोग की अपील की गई आभार उपाध्यक्ष मिलिंद इंगोले द्वारा किया गया। संचालन सह सचिव दिनेश दाहिमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर निर्मल कपूर, प्रेम नारायण गौड़, राजेश चौऋषी, राम कानीकर, अरविंद भागवत, दीपेश त्रिवेदी, अनिल जैन, पंकज कुमार जैन, सतीश जोशी, विपिन हटकर, पियूष चतुर्वेदी, रवि शंकर खत्री, पंकज जैन, अजय बियानी, अशोक शर्मा, दर्शन सिंह गांधी, कपिल मालवीय, नेहा चौहान इत्यादि सदस्य उपस्थित रहे। शाम को पूर्व छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संयोजक प्रभुलाल टटवाल, सह संयोजक सुनील मिमरोट के संयोजन में किया गया।

### 1 जनवरी को मां चामुंडा का होगा श्रृंगार



**उज्जैन।** 1 जनवरी चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर चामुंडा माता मंदिर भक्त समिति द्वारा मां चामुंडा को भव्य श्रृंगार कर 5 क्विंटल मिठाई का भव्य 56 भोग लगाकर प्रातः आरती के पश्चात से निरंतर रात्रि 12 तक दर्शनार्थियों को शुद्ध घी से निर्मित हलवा प्रसाद वितरण किया जाएगा एवं 2 जनवरी को 56 भोग प्रसादी का वितरण किया जाएगा तथा माता जी के मंदिर को हिमालय पर्वत का रूप देकर श्रृंगार किया जाएगा। चामुंडा माता मंदिर समिति के संयोजक पं. शरद चौबे, पुजारी पं. सुनील चौबे, संरक्षक धीरेंद्र नाहटा, ओमप्रकाश नाहटा द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मां चामुंडा माता मंदिर पर वर्ष भर निरंतर सुबह करीब 800 जरूरतमंद व्यक्तियों को निःशुल्क भोजन का भी वितरण किया जाता है एवं समिति द्वारा धार्मिक कार्यों के साथ-साथ सामाजिक कार्य भी किए जाते हैं। यह जानकारी चामुंडा माता मंदिर के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र शाह एवं निखिल चौबे द्वारा प्रदान की गई।

### सैयदना साहब ने शेख की उपाधि से नवाज़ा

**उज्जैन।** दाऊदी बोहरा समाज के 53वें धर्मगुरु डॉ. सैयदना अलीकदर मुफ़द्दल सैफुद्दीन ने मुंबई में उज्जैन के इब्राहिम मोहल्ला निवासी समाजसेवी शेख जैनुद्दीन भाई (सफ़दरी) सुलेमान वाला को 67 वर्ष की आयु में शेख के रुतबे से नवाज़ा है। खुज़ेमा चांदा भाई वाला ने बताया कि शेख जैनुद्दीन भाई लंबे समय से समाज के बीच रहकर निःस्वार्थ सेवा कर रहे हैं। उनकी निरंतर सेवाओं को देखते हुए सैयदना साहब ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर परिवारजनों, मित्रों एवं समाजजनों ने शेख जैनुद्दीन भाई को मुबारकबाद पेश की।

### ध्वज वंदना के साथ की विश्व शांति की प्रार्थना

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन शिप्रा की झोन चेयरपर्सन एवं रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा संपन्न हुई। क्लब सचिव दीपक राजवानी ने बताया कि सर्वप्रथम ध्वज वंदना एवं विश्व शांति की प्रार्थना लायन मोना सिद्धा ने पढ़ी। अध्यक्षीय उद्बोधन लायन प्रवीण खंडेलवाल ने दिया। झोन चेयरपर्सन लायन भूषण नायक एवं रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में क्लब के सदस्यों पदाधिकारी के समक्ष मंचासीन अधिकारियों का माला एवं दुपट्टा पहनकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष उद्बोधन के पश्चात सचिव दीपक राजवानी ने 1 जुलाई से अभी तक हुए कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। जिसे सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी ने क्लब में अभी तक हुए कार्यक्रमों की भुरी भुरी प्रशंसा की। झोन चेयरपर्स लायन भूषण नायक ने क्लब के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारी का परिचय कराया एवं क्लब जो अभी तक नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है उसे और नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए सदस्यों एवं पदाधिकारी को प्रेरित किया। इंटरनेशनल लायंस क्लब के कुछ नियम भी सदस्यों एव पदाधिकारी को बतलाएं। इसके पश्चात रीजन चेयरपर्सन लायन सत्येंद्र श्रीवास्तव द्वारा क्लब में किए गए उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक कार्यों की भुरी भुरी प्रशंसा की। जिस तरह शिप्रा क्लब का नाम है इस तरह शिप्रा क्लब प्रवाहमान होते हुए कई ऐतिहासिक कार्यक्रम कर रही है एवं रीजन चेयरपर्सन ने क्लब के कार्यक्रम में आगे भी इसी तरह गतिमान रहने के लिए प्रेरित किया एवं झोन चेयरपर्सन एवं रीजन चेयरपर्सन ने सभी सदस्यों को डिस्ट्रिक्ट की पिन लगाकर सम्मानित किया। संचालन लायन छाया लोखंडे एवं लायन विनिट लोखंडे ने किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर विशेष आमंत्रित लायन जेपी पंचारिया एवं भूषण नायक एवं क्लब के पदाधिकारी लायन राजेंद्र शाह, डॉ. एसके शर्मा, एसके सिंह, विजय शाह, संजय सिद्धा, अशोक सोलंकी, अमित घारिया, दिनेश गुप्ता, राजेंद्र विजयवर्गीय, रामेश्वर खंडेलवाल, बालकृष्ण सहित क्लब की कई पदाधिकारी महिलाएं भी उपस्थित थी। आभार कोषाध्यक्ष लायन नवीन काकरिया ने किया।



# उज्जैन मंडी व्यापारी परिवार क्रिकेट टूर्नामेंट में 8 टीमों के बीच हुआ मुकाबला

**उज्जैन।** उज्जैन मंडी व्यापारी परिवार द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य और सफल आयोजन सेकेंड इनिंग्स टर्फ मैदान पर किया गया। इस एक दिवसीय टूर्नामेंट में मंडी के व्यापारियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

टूर्नामेंट में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया, जिनके बीच 12 लीग मैच, 2 सेमीफाइनल एवं फाइनल सहित कुल 15 रोमांचक मुकाबले खेले गए। मैचों का सिलसिला सुबह 9 बजे से शुरू होकर देर रात 12 बजे तक चला, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में व्यापारी परिवार एवं क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।

राष्ट्रगान और गणेश वंदना के साथ मैच प्रारंभ हुए। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, विधायक चिंतामणि मालवीय, प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव, विशाल राजोरिया तथा प्रेस क्लब उपाध्यक्ष उदय चंदेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और इस तरह के आयोजनों को आपसी भाईचारे एवं स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया।

टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अशोक तल्लेरा, दीपक लाठी, आदिश जैन, अनिकेत खंडेलवाल एवं यश गर्ग की विशेष भूमिका रही। वहीं मंडी के अनेक व्यापारियों—निमेष अग्रवाल, गोविंद शर्मा दादा, दिलीप गुप्ता, दिनेश जी भायल, हजारी लाल मालवीय, संदीप सारडा, शैलेन्द्र बुंदेला, निखिल कुमावत सहित सभी भाइयों ने टूर्नामेंट में जोश और ऊर्जा भर दी।

फाइनल मुकाबले में अशोक तल्लेरा एवं दीपक लाठी की विनायक सुपर किंग टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं संदीप सारडा एवं अंतिम जैन की उज्जैन लायंस टीम उपविजेता रही। पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ऋषभ जैन को मैन ऑफ द सीरीज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आयोजकों ने सभी खिलाड़ियों, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने की बात कही। आयोजन में मातृशक्ति सहित 500 से अधिक लोग शामिल हुए। संचालन निमेष अग्रवाल ने किया। कमेंट्री प्रतीक रुनवाल ने की।

# अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को दिया ज्ञापन

**उज्जैन। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन प्रदेश उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज के नेतृत्व में दिया। ज्ञापन में बताया गया कि महाकाल लोक, कालभैरव मंदिर प्राचीन होने की वजह से यहां श्रद्धालुओं का आगमन बढ़ गया है। इसलिए यहां भक्तों की भावना को ध्यान में रखतेहुए संगठन पांच बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता है।**



उज्जैन शहर के छोटे और बड़े होटलों धार्मिक उपभोक्ताओं से मनमाना किराया वसूल किया जा रहा है। इससे शहर की छबि धूमिल हो रही है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि उज्जैन में अधिकांश होटलों में धार्मिक श्रदलु रुकते हैं। परन्तु इन होटलों में वेज और नानवेज का एक ही किचन है। इससे उनकी आस्था को ठेस पहुंचती है। इसलिए होटलों में अलग-अलग किचन की व्यवस्था के निर्देश दिए जाएं। शहर की पूजन पाट सामग्रियों की दुकानों पर मिलावटी सामान की बिक्री को रोकने के लिए और जांच के लिए व्यवस्था बनाई जाए। होटलों में धार्मिक श्रदलुओं को मूलभूत सुविधा दिलाने की दिशा में भी काम किया जाए। इसके अलावा शहर की होटलों और रेस्टोरेंटों में मिलावटी सामान की रोकथाम के लिए व्यवस्था बनाई जाए और जांच की जाए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रवि यादव जी, शहर अध्यक्ष शिव प्रकाश मेहर जी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम भारद्वाज जी, युथ विंग प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक भारद्वाज जी, प्रदेश सचिव आनंद बगोरिया जी, जगदीश रघुवंशी जी, सुनील बैंडवाल जी, अशोक बगोरिया जी, दिलीप टाटावत जी, अंकित विशु यादव जी, अर्जुन नरवले जी, अनिकेत भारद्वाज जी, शिवम जाटवा जी, दीपक मेहर जी, आदित्य ठाकुर जी आदि मौजूद थे ।

# महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्ज्वला शर्मा, चंद्रकला उईके का सेवानिवृत्ति पर सम्मान

**उज्जैन। सेक्टर चिंतामण जवासिया की महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्वला शर्मा व चंद्रकला उईके 35 साल की बेदाग सेवा देते हुए 30 नवंबर 2025 को सेवानिवृत हुए जिनका सम्मान समारोह 29 दिसंबर को चौकसे धर्मशाला चिंतामण जवासिया में आयोजित किया गया।**

न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार, प्रदीप बैरागी, चंदन सिंह हाडा, बीसीएम हिना खान, राकेश सोनी, स्वाती अरोनिया, मुसेफ अली, अमृतलाल देवड़ा, वर्षा धवन, पुष्पा वर्मा, योगेश यादव, किरण मालवीय, नारायण सिंह आंजना आदि के नेतृत्व में संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी, जिला अध्यक्ष एस पी अहिरवार, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष ओपी यादव के मुख्य आतिथ्य में सेक्टर अधिकारी डॉ अभिनव तिवारी की अध्यक्षता में माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता उज्वला शर्मा व चंद्रकला उईके का स्वागत कर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।



स्वागत भाषण डॉ. नूपुर चौहान ने दिया। सेक्टर अधिकारी डॉ. अभिनव तिवारी व मेडिकल ऑफिसर डॉ. नीरज नागर ने उज्वला शर्मा चंद्रकला उईके के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने कर्त्तव्य के प्रति सदैव ईमानदार रही। संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी ने संबोधित करते हुए कहा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्वास्थ्य को प्रथम मानते हुए सुबह उठते ही मरीज की सेवा करना पहला और आखिरी आदर्श मानकर कार्य को गति देती रही। ऐसे राष्ट्रीय हित में मानव सेवा करने वाले व्यक्तित्व को दिल से सलाम, हृदय से सम्मान। इधर प्रदेश महामंत्री राजेंद्र अहिरवार ने कहा इनका सौम्य व्यवहार भी जग जाहिर है। जिला अध्यक्ष एस पी अहिरवार ने कहा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता ने अपने कार्यकाल में सदैव सभी कर्मचारियों से स्नेह पूर्वक व्यवहार किया जो उनकी कुशलता का परिचायक है। संचालन अमृतलाल देवड़ा ने किया। आभार हेल्थ सुपरवाइजर मुरारी लाल पटेल ने माना।





# पुरस्कार वितरण के साथ राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का समापन

**घट्टिया।** संस्कार कान्वेंट स्कूल में विगत 22 दिसम्बर से चल रहे राष्ट्रीय गणित दिवस कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हुआ । माँ शारदे व श्रीनिवास रामानुजन की प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर व्याख्यान के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआरसी अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र सुनिया, जन शिक्षक किशोर सिंह हीरावत, दीपेंद्र कुमार तिवारी थे। डॉ. सुनिया ने गणित विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि गणित बहुत ही सरल एवं सहज विषय है यदि आप इससे डरने की बजाय रुचि पूर्वक अध्ययन करे तो आपको सफ़लता अवश्य मिलेगी। गणित हमारे दैनिक जीवन में बहुत उपयोगी है गणित एक विषय नहीं बल्कि हमारे दैनिक जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण एवं अभिन्न अंग है। गणित दिवस कार्यक्रम अंतर्गत पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता व्याख्यान सहित अनेक आयोजन हुए। राष्ट्रीय गणित दिवस भाषण प्रतियोगिता में प्रथम दिशा पंवार, पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम दिव्यांशी प्रजापति एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आदित्य प्रजापति रहे। विजेताओं को प्रमाणपत्र व शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थी सहित प्रधानाध्यापक रविंद्र सिंह (रालामंडल) व शिक्षक महिपाल सिंह, प्रीति प्रजापत, सुहानी गुर्जर, नेहा हीरावत, अंजलि सेड़वाल, गीतांजलि प्रजापति, मुस्कान ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## एक नजर

त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ नयापुरा ने गुरूदेव की 200वीं जन्म शताब्दी पर लगाई प्रदर्शनी

# श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरिश्वरजी मसा के हस्त निर्मित 421 चित्रों की प्रदर्शनी लगाई

**उज्जैन।** गुरूदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरिश्वरजी मसा की 200वीं जन्म शताब्दी के निमित्त गुरूदेव के हस्त निर्मित 421 चित्रों की भव्य चित्र प्रदर्शनी जैन ओसवाल धर्मशाला में त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ नयापुरा के तत्वावधान में लगाई गई।

श्रीसंघ के प्रचार मंत्री राजेंद्र पगारिया एवं राजेंद्र पटवा ने बताया कि चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, पूर्व मंत्री पारस जैन एवं पार्षद रजत मेहता, श्रीसंघ अध्यक्ष सुरेश पगारिया, सुभाष दुग्गड़, विजय गादिया, नवीन गिरिया, प्रकाशचंद्र गादिया, कपिल सकलेचा, राजमल चत्तर द्वारा किया गया। गुरूदेव के चित्रों की हस्त



निर्मित प्रदर्शनी में समाज के बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी ने गुरूदेव के दर्शन एवं वंदन का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर धूप, दीप, अक्षत, पुष्प पूजा का लाभ राजेशकुमार योगेश कुमार कांतिलाल पगारिया ने लिया। दादा गुरूदेव की आरती का लाभ सुरेशचंद हितेश पगारिया परिवार ने लिया। अतिथियों ने भी गुरूदेव के गुणों की व्याख्या की। राजेश पगारिया ने सभा का संचालन किया। आभार अतुल चत्तर ने माना। इस अवसर पर मनीष पीपाड़ा, अंशुल गिरिया, अजीत लुकड़, प्रतीक लुकड़, आशीष पीपाड़ा, निलेश संघवी, अशोक चत्तर आदि का सराहनीय योगदान रहा।